"जनगणना" गांधीनगर
"CENSUS" GANDHINAGAR

प्रत्येक जन्म एवं मृत्यु सुनिश्चित करें

Phone :
DCO(Direct) : 079-23230813
(General) : 079-23238067
079-23231156
Fax : 079-23237160
E-mail :dco-guj.rgi@censusindia.gov.in

# भारत सरकार
GOVERNMENT OF INDIA

## गृह मंत्रालय
MINISTRY OF HOME AFFAIRS/GRIH MANTRALAYA

**जनगणना कार्य निदेशालय, गुजरात**
Directorate of Census Operations, Gujarat
सेन्सस भवन, सेक्टर 10/ए, गांधीनगर - 382 010
Census Bhavan, Sector 10/A, Gandhinagar - 382 010

2011

29 APR 2014

**सं0-डी-15014/1/2014-बैटरीबैंक(डी.सी.सी)-जन(गुज)**

सेवा में,
मे0,

**विषयः यु.पी.एस ओनलाईन के लिए 64 नई बैंटरी खरीदने के संबध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषय के संदर्भ में सूचित करना है कि जनगणना कार्य निदेशालय, गुजरात, जनगणना भवन, सेक्टर -10/ए, गांधीनगर, डी.सी.सी अनुभाग में स्थापित यु.पी.एस ओनलाईन के लिए 64 नई बैंटरी राष्ट्रीय सूचना केन्द्र निगम सेवाएं (NICSI) के द्वारा निर्धारित मापदंड से सीमित निविदा में दी गई शर्तो के अनुसार खरीद की जानी हैं। जिसके लिए टेन्डर **सीमित निविदा संख्या -डी -15014/1/2014 -बैटरी बैंक युपीएस (डी.सी.सी)-जन (गुज) दिनांक 29/04/2014** की प्रति इसके साथ संलग्न है। टेन्डर कार्यालय की वेबसाइट www.censusgujarat.gov.in एवं www.censusindia.gov.in (Tender) पर भी उपलब्ध है ।

अतः आपसे अुनरोध है की ₹ 100/- (₹ एक सौ केवल) टेन्डर फ़ीस के साथ जमा करा कर टेन्डर में भाग ले सकते है ।

भवदीय,

एस. लिंगासामी

(एस0 लिंगासामी)
उप निदेशक जनगणना कार्य
गुजरात, गांधीनगर

**सं0-डी-15014/1/2014-बैटरीबैंक(डी.सी.सी)-जन(गुज)**

**भारत सरकार**

**गृह मंत्रालय**

**जनगणना कार्य निदेशालय, गुजरात**

**जनगणना भवन, सेक्टर-10/ए, गांधीनगर -382 010.**

**सीमित निविदा संख्या -डी -15014/1/2014 -बैटरी बैंक युपीएस (डी.सी.सी)-जन (गुज) दिनांक 29/04/2014**

जनगणना कार्य निदेशालय, गुजरात, गांधीनगर, डी.सी.सी अनुभाग में स्थित यु.पी.एस ओनलाईन के लिए 64 नई बैंटरी राष्ट्रीय सूचना केन्द्र निगम सेवाएं (NICSI) के द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुसार सीमित निविदा से खरीद की जानी हैं। और पुरानी 64 बैटरी (Battery) पेनासोनिक कम्पनी की हैं जिसे वापिस क्रय निति (Buy back) के अनुसार बैचने के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है। प्रतिष्ठित उत्पादकों या उनके अधिकृत व्यापारियों (विक्रेताओ) से मुहर बंद लिफाफे में सीमित निविदा आमंत्रित की जाती है।

**न्युनतम पात्रता मापदंड एवं शर्ते और आपुर्ति ।**

1) राष्ट्रीय सूचना केन्द्र निगम सेवाए (NICSI) के द्वारा निविदा सूचना जनगणना परियोजना 2011 **(ANNEXURE-M Copy Enclosed)** में बैटरी के लिए दिए गए सभी निर्धारित मापदंड एवं शर्तो के अनुसार बैटर प्रतिष्ठित ब्रान्ड की डाटा सेन्टर के UPS की कुल 64 Batteries (Each Battery12v, 65Ah/20HR) डाटा सेन्टर में लगे रेंक Battery Size/Dimension not more then-13.8"x6.8"x6.8" (WxHxD) in inch के अनुसार सप्लाई करनी होगी।

2) बैटरी बैंक की गारंटी/वारंटी - आपूर्ति की तिथी से न्युनतम 3 वर्ष तक की वारंटी देनी होगी।

3) बैटरी प्रतिष्ठित ब्रान्ड जैसे की (PANASONIC/EXIDE/ROCKET/AMRARAJA) होनी चाहिए। (Battery Sealed maintenance free) बैटरी फ्री मैन्टेनेन्स होनी चाहिए एवं आपूर्तिकर्ता का स्थानिय कार्यालय होना चाहिए, जिससे शिकायत करने पर तुरन्त सुधार किया जा सकें।

**सिमित निविदा के लिए पात्रता मापदंड :** निविदा प्रक्रिया में हिस्सा लेने के लिए निम्नानुसार न्यूनतम योग्यता एवं मापदंड टेन्डरदाता को परिपूर्ण करना आवश्यक है अन्यथा अपकी निविदा को कार्यालय कभी भी रद्द कर सकता है।

**(a)** पिछले तीन वर्षो का वार्षिक टर्न ओवर ₹ 5 लाख से अधिक होना आवश्यक है। आर्थिक चिट्ठा संलग्न करना आवश्यक है।

**(b)** बिक्री कर/वेट प्रमाण-प्रत्र की नवीनतम प्रमाणीत प्रति प्रस्ताव के साथ प्रस्तुत करना आवश्यक है।

**नोट: किसी भी केन्द्र/राज्य सरकार के कार्यालय द्वारा टेन्डरदाता को काली सूची (Black list) में नामित नहीं किया होना चाहिए।**

1. वर्णनः- यु.पी.एस ओनलाई मोडयुलर का बैटरी बैंक की आपूर्ति के स्थान जनगणना भवन, सेक्टर -10/ए, गांधीनगर में करनी होगी।
2. निविदा में दी गई बैटरी बैंक (NICSI) के द्वारा निर्धारित मापदंड में दी गई शर्त (कोपी संलंग्न) के अनुसार होनी चाहिए।
3. **निविदा दस्तावेजो की उपलब्धता**:- निविदा दस्तावेज जनगणना कार्य निदेशालय, गुजरात, जनगणना भवन, सेक्टर -10/ए, गांधीनगर- 382 010 से कार्यालय के कार्य दिवसों में रू0 100/- (गैर वापसी योग्य)

नकद या किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक का डिमांड ड्राफ्ट खाते में भुगतान योग्य "सहायक निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय, गुजरात" के पक्ष में गांधीनगर में देय को प्रस्तुत करने पर प्राप्त किये जा सकते है।
यह दस्तावेजवेव जनगणना कार्य निदेशालय की साईट-www.censusindia.gov.in (Tender) एवं www.censusgujarat.gov.in पर से भी डाउनलोड किए जा सकते है। हालांकि इस मामले में टेन्डरदाता को चाहिए कि वह किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक का ₹ 100/-(गैर वापसी योग्य) डिमान्ड ड्राफ्ट खाते में भुगतान योग्य "सहायक निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय, गुजरात" के पक्ष में गांधीनगर में देय को प्रस्ताव के साथ संलग्न करना आवश्यक है, ऐसा ना करने की स्थिति में निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।

4. **निर्दिष्ट तारीखः-** निविदा जमा कराने एवं खोलने की तारीख एवं समय निविदा प्रस्ताव तारीख **12/05/2014 सायं 3.00 बजे** या उससे पहले जनगणना कार्य निदेशालय गुजरात, जनगणना भवन सेक्टर -10/ए, गांधीनगर में जमा कर सकेंगे। प्रस्ताव जमा करने की तारीख एवं समय के बाद प्राप्त प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा। निविदा उसी दिन **तारीख 12/05/2014 सांय 3.30 बजे** खोली जाएगी।

5. **निविदा का प्रस्तुतिकरण :** इच्छुक फार्म निर्धारित निविदा प्रारूप अनुबंधन-I में विधिवत लिखकर एक लिफाफे में बंद करके निविदा प्रस्ताव को प्रस्तुत करना होगा। निविदा खरीददार अर्थात उप निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय, गुजरात, जनगणना भवन, सेक्टर-10/ए, गांधीनगर को संबोधित की जानी चाहिए। यदि निविदा स्वयं अपने हाथो से प्रस्तुत की जाती है तो मुहरबंद लिफाफे पर निविदा संख्या और खोलने की अंतिम तारीख का उल्लेख करके प्रस्तुत की जानी चाहिये। और इसउद्देशय के लिए निर्धारित निविदा बॉक्स में जमा किया जाएगा। यदि निविदा डाक द्वारा भेजी जाती है तो दो लिफाफे में बंद भेजी जानी चाहिए। बंद लिफाफे के अंदर निविदा संख्या और खोलने की अंतिम तारीख लिखी होनी चाहिए, जबकि बाहरी लिफाफे के उपर निविदा संख्या और खोलने की अंतिम तारीख का उल्लेख करने की आवश्यकता नहीं है, बाहरी लिफाफे को केवल सील करके खरीदार का पता लिखा होना चाहिए। टेलीग्राफीक/फैक्स द्वारा भेजे गये भावपत्रों को स्वीकार नहीं किये जाएगे।

6. **भाव :-** भाव सभी प्रभारों के साथ जैसे कि बैटरी स्थापित करना (Battery Installation) कर, लोडींग-अनलोडींग, भाड़ा इत्यादि के साथ होने चाहिए। भाव आंकड़ें एवं शब्द दोनों में दर्शाने चाहिए और साथ-साथ में कार्य पूर्ण होने तक के स्थिर भाव भी दर्शाना आवश्यक है अन्यथा बिल की रकम में से नियमानुसार कटौति की जायेगी।

**पुरानी 64 Battery PANASONIC Company (Each Battery 12V, 65AH/20HR) की है। जिनका वापसि क्रय निती (Buy back) के तहत पुरानी बैटरी की उच्चतम रेट बतानी होगी। जिससे कार्यालय द्वारा पुरानी बैटरियों की रेट को काट करके नई बैटरी के बिल का भुगतान किया जाएगा।**

7. **मिटाना, लिखावट पर अधिलेखन और सुधार :** मिटाना, लिखावट पर अधिलेखन (Over writing) और सुधार टेन्डरदाता के हस्ताक्षर द्वारा अधिकृत किये जाने चाहिए। ऐसा ना करने की स्थिति पर ऐसे प्रस्ताव अस्वीकार होने के पात्र होगें। निविदा के सभी दस्तावेजो और संलग्नकों पर हस्ताक्षर एवं मोहर होनी चाहिए।

8. **आपूर्ति :-** यु.पी.एस ओनलाई मोड़युलर बैटरी लगाने का स्थान पर Annexure-I के अनुसरा स्थापित करनी होगी। आपूर्ति करने की तारीख टेन्डरदाता को क्रमानुसार दर्शायी जानी चाहिए।

9. **विलंब से आपूर्ति:** यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण नहीं किया जाता है तो इस मामले में क्षति-पूर्ति (Liquidated damage charges) 0.5 प्रतिशत की दर से अवशिष्ट कार्य मूल्य वसुली

करने का अधिकार यह कार्यालय अपने पास सुरक्षित रखता है। हालांकि निर्धारित समय के 30 दिनों के भीतर आपूर्ति नहीं की जाती है तो कार्यालय खरीददार पैरा-11 में दर्शाई गई शर्तो के अनुसार कार्रवाई करेगा।

10. **खरीद का जोखिम:** निर्धारित समय अवधि के भीतर टेन्डरदाता कार्य पूर्ण करने में असफल होता है तो पैरा 10 अनुसार चूक कर्ता टेन्डरदाता की लागत एवं जोखिम पर कार्यालय खरीद करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है। ऐसी स्थिति में खरीदी करने का जोखिम करने के उपक्रम में खरीदी पर यदि कोई अतिरिक्त व्यय होता है तो वह चूक कर्ता से वसूल किया जाएगा। इसके संदर्भ में कार्य आदेश या उसका कोई भाग रद्द करना और कार्यालय की आवश्यकता, अनुसार रद्द किये गये भाग के प्रमाण की खरीदी करने का अधिकार कार्यालय अपने पास सुरक्षित रखता है।

11. **बयाना जमा रकम (EMD):** बयाना जमा रकम **(EMD)** तकनिकी निविदा के साथ संलग्न करनी होगी। बयाना जमा रकम **(EMD)** जमा कराने की शर्ते नीचे दर्शाई गई है।

क. बयाना जमा रकम (EMD) के रूप में किसी भी राष्ट्रीयकृत अनुसूचित बैंक का ₹ **10,000/-**(दस. हजार रूपये केवल) का डिमान्ड ड्राफ्ट "सहायक निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय, गुजरात" के पक्ष में गांधीनगर में देय टेन्डरदाता को निविदा के साथ जमा करना आवश्यक है। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या संयुक्त क्षेत्रों के उपक्रम को बयाना रकम जमा कराने से छूट नहीं दी जायेगी।

ख. निविदा बयाना जमा रकम (EMD) के बिना जमा की गई होगी तो कार्यालय द्वारा उसे बिना विचार किए ही खारीज कर दी जाएगी।

ग. असफल बोलीदाताओं को कार्यालय द्वारा निर्धारित निविदा की वैधता की अवधि समाप्ति के **30 दिनों** के भीतर बयाना जमा रकम (EMD) यथा शीघ्र वापस लौटायी जाएगी।

घ. बयाना जमा रकम (EMD) पर कार्यालय द्वारा कोई ब्याज का भुगतान नहीं किया जाएगा।

च. सफल टेन्डरदाता आवश्यकता/कार्य आदेश को पालन करने में विफल होता है तो कार्य करने की मंजूरी आदेश को रद्द करने और बयाना जमा रकम (EMD) को जप्त करने का पूर्ण अधिकार कार्यालय का होगा, इस घटना में कार्यालय अगले क्रम का कम निविदा लगाने वाले, टेन्डरदाता के प्रस्ताव का मूल्यांकन करके सफल टेन्डरदाता के जोखिम और खर्चे पर खरीद करने की मंजूरी दे सकता है।

12. **भुगतान और "परिपूर्ति सुरक्षा "** निर्धारित समय सीमा में आपूर्ति कर्ता का कार्य संतुष्टि के साथ पूर्ण होने पर कार्यालय द्वारा भुगतान किया जा सकता है।

13. **बैंक प्रभार:-** बैंक प्रभार यदि कोई हो तो वह सफल टेन्डरदाता द्वारा वहन किया जाएगा।

14. **विलंबित प्रस्ताव:-** निविदा खोलने की निर्धारित तारीख और समय के बाद प्राप्त कोई भी प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा।

15. **निविदा खोलने के समय पर उपस्थिति :-** बोलीदाता के प्रतिनिधि जो निविदा खोलने के समय पर उपस्थित रहने के लिए इच्छुक है उसे टेन्डरदाता के द्वारा जारी अधिकार पत्र के साथ अनुमति दी जाएगी।

16. **संदर्भित आवार्ड मांपदंड:-** खरीददार सफल टेन्डरदाता जिसकी निर्धरित निविदा में सबसे कम मूल्य पर निविदा लाने वाले के साथ बशर्ते टेन्डरदाता विक्रयकर्ता से अनुबंध स्थापित करेगा। अनुबंधन सफलता पूर्वक पूर्ण करने के लिए निश्चितता प्रदान कर्ता है। खरीददार न्युनतम या कोई भी निविदा करने के लिए बाध्य नहीं होगा और कोई भी निविदा अंशता या पूर्णत: स्वीकार करने का अधिकार रखता है। खरीददार अपने अन्य एवं पूर्ण से अधिक टेन्डरदाता को उद्देश्य आवश्यकता या भम्रण से अनुबंधित करने का अधिकार रखता है।

17. भारत सरकार अथवा राज्य सरकार में आपूर्ति नहीं करने के बारे में अथवा विलंबित धीमी आपूर्ति और खरीदार की संतुष्टि अनुसार सामग्री से संबंधित कोई फरियाद होने का मामला अगर कार्यालय के ध्यान में आता है तो प्रस्ताव को अस्वीकार किया जा सकता है।

18. **किसी भी निविदा को स्वीकार करना और किसी एक या सभी निविदादाता को रद्द करना खरीदार का अधिकार:-** अनुबंधन की मंजूरी के पहले किसी भी निविदा को स्वीकार करना, किसी भी समय निविदा को रद्द करना अथवा किसी एक या सभी निविदादाता को बिना कोई कारण बताए रद्द करने का अधिकार कार्यालय के पास सुरक्षित रहेगा और इसी तरह निविदादाताओं को या अन्य को कार्यालय की कारवाई के आधार पर प्रभावी टेन्डरदाता को सूचित करने के लिए कार्यालय की जबावदेही नहीं होगी।

**विशेष टिप्पणी**

1. निविदा के प्रस्ताव में किसी भी प्रकार की अस्पष्टता अयोग्यता के पात्र हो सकती है।
2. सशर्त निविदा का प्रस्ताव सरसरी तौर पर ही अस्वीकार कर दिया जाएगा।

एस. लिंगासामी

**(एस0लिंगासामी)**
उप निदेशक
जनगणना कार्य निदेशालय, गुजरात
जनगणना भवन, सेक्टर -10/ए
गांधीनगर -382 010

## ANNEXURE-I

## Prescribed Performa for Bid

I agree to the terms and conditions as mentioned in the Tender Notice No. D-**15014/1/2014/** Battery bank UPS (DCC)/DCO(Guj), Dated 29/04/2014 issued by the Government of India, Directorate of Census Operations, Gujarat, Census Bhavan, Sector-10/A, Gandhinagar -382 010.

1. Name of the Manufacturer / Dealer .....
2. Confirmation regarding supply and delivery of Battery bank as per prescribed specification. Battery specification and reputed brand to be the same as specified in the tender notice issued by NICSI for Census 2011 project (Copy of extract ANNEXURE- M, enclosed)

| Item | Description | Quantity | Location | Rate per Battery | Total Amount (In Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| **Battery bank** | As Per Tender NICSI ANNEXURE- M | 64 Nos. | IInd Floor Census Bhavan DCO, Gujarat, Gandhinagar | | |

Total amount should be in words and figures both

3. Buy back rate for each old battery in Rupees:-
4. PERIOD OF VALIDITY OF OFFER PRICE (in days):-
5. DELIVERY SCHEDULE :-
6. EARNEST MONEY DEPOSIT :- Draft Number :
   Date of Issue:
   Name of the Bank:
7. Document to be enclosed:-

(a) Sales Tax/VAT clearance certificate: - A copy of latest sales tax/VAT clearance certificate duly self attested should be submitted along with offer.

(b) Copies of Balance Sheet of the firm for last three years.

Signature .....
Name .....
Name of the Manufacturer .....
Stamp .....